प्रेस नोट दिनाँक-26.02.2023

(1). आज दिनाँक-26.02.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु, क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(2). आज दिनांक 26.02.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को।जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों एवं चस्पा किये गए।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री वीरप्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री हारून रशीद खान तथा उनकी टीम द्वारा ताश के पत्तों पर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए अभियुक्त 1.ककरिहा पुत्र कालीचरण यादव निवासी माराचंद्रा थाना बहिलपुरवा 2. संगम लाल पुत्र वरगइयाँ निवासी सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से अभियुक्त 1 कल्लू सिंह पुत्र हरीश चंद्र निवासी खड़देवरी पीपरपानी थाना महाराजपुर जिला मण्डला मध्य प्रदेश 2. भैरव प्रसाद पुत्र सिपाहीलाल निवासी बगीचा पुरवा थाना रैपुरा 3. संगम लाल पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी गदाखान थाना बहिलपुरवा मौके से भाग गये। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 3850 रुपए व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 600 रुपये बरामद हुए। उपरोक्त पांचों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

<u>बरामदगी</u>

1. मालफड़ 3850 रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते
2. जामातलाशी 600 रुपये

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम</u>

1. उ0नि0 श्री हारून रशीद खां थाना मानिकपुर
2. आऱक्षी रोहित यादव

3. आरक्षी रविशंकर यादव

(4). पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग श्री हरिश्चन्द्र मिश्र एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त लवकुश पुत्र प्रभुदयाल निवासी मछरिहा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 34 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

34 क्वार्टर देशी शराब

बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग श्री हरिश्चन्द्र मिश्र
2. आरक्षी शिवम मिश्रा
3. आरक्षी रविन्द्र कुमार

(5). आज दिनाँक-26.02.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़ श्री योगेश तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजकुमार सिंह व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त पीर अली उर्फ पीरू पुत्र सिकन्दर निवासी बरगढ़ थाना बरगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर एवं 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूध्द थाना बरगढ़ पर मु0अ0सं0 15/023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगी

01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर एवं 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास

(i). मु0अ0सं0 119/022 धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियम थाना लालापुर जनपद प्रयागराज

(ii). मु0अ0सं0 119/022 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री राजकुमार सिंह थाना बरगढ़
2. आरक्षी हरिशरण
3. आरक्षी नवीन